नवभारत
भोपाल, सोमवार16 फरवरी 2026

बेगमगंज में महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारात

शिवालयों पर रंगबिरंगी रोशनी, भक्तों ने किया जलाभिषेक

बेगमगंज, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि पर्व पर सभी शिवालयों पर आकर्षक रंगबिरंगी रोशनी ओर फूलों से सजावट की गई. रविवार को सुबह से ही नगर के गांधी बाजार स्थित सुप्रसिद्ध शिवालय मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक , पूजन -अर्चन ओर रुद्राभिषेक किया. हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे. शिव बारात भी निकाली गई.

ग्राम हरदोट में प्राचीन सुप्रसिद्ध नीलकंठेश्वर मंदिर पर मेला आयोजित हुआ. हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने नीलकंठेश्वर भगवान शिव का जलाभिषेक के साथ पूजन कर भोलेबाबा का आशीर्वाद लिया. नगर में भगवान भोलेनाथ की बारात प्राचीन झिरिया मंदिर से बैंडबाजों , डीजे , आतिशबाजी के साथ प्रारंभ हुई. शिवजी योगेश्वर दूल्हे के रूप में जटाओं का मुकुट , गले में सर्पमाला और अघोरी के रूप में नंदी रथ पर सवार होकर निकले. शिव बारात झिरिया मंदिर से प्रारंभ होकर महादेवपुरा , बजरिया , कबीट चौराहा , गांधी बाजार , शिवालय मंदिर , गणेश मंदिर , सागरमल की पुलिया से राजेंद्र तोमर के निवास से होकर पुराना बस स्टैंड , बिजली घर , नया बस स्टैंड , हनुमान बाग , महाराणा प्रताप मार्ग से वापस झिरिया मंदिर पहुंची. शिवजी की बारात की जगह -जगह आरती उतारी., पुष्पवर्षा , आतिशबाजी से श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया. वधु पक्ष के यहां योगेश्वर का माता पार्वती के साथ पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन करायाा गया. इस अवसर पर दुल्हे राजा भगवान शिवजी एवं बारातियों का वधु पक्ष द्वारा भव्य स्वागत के साथ महाप्रसाद के रूप में भंडारा किया गया.

किले पर सोमेश्वर धाम के ताले खुले

बेगमगंज, 15 फरवरी. जिला मुख्यालय पर प्राचीन दुर्ग स्थित सोमेश्वर धाम ताले खोले गए. कस्बा बम्होरी में महाशिवरात्रि पर शिवजी को थाने से लाया गया, ताकि श्रद्धालुओं द्वारा उनकी पूजा अर्चना एवं महाभिषेक किया जा सके.

▸ भक्तों ने किया महाभिषेक

सोमेश्वर धाम के रविवार सुबह 6 बजे ताले खोले जाने के बाद हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने शिवजी का जलाभिषेक ,पूजन- अर्चन एवं रुद्राभिषेक किया. इसके साथ ही यहां मौजूद साधु संतों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा हर हर महादेव के गगनभेदी नारों के साथ सोमेश्वर धाम के ताले सदैव के लिए खोले जाने की मांग की. उन्होंने कहा कि अब सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी और किसी भी कीमत पर रायसेन किले पर स्थित सोमेश्वर धाम के ताले सदैव के लिए खुलवाए जाएंगे. प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल तैनात किया गया था.

इसके अतिरिक्त जिले के बम्होरी कस्बे के थाने में पुलिस अभिरक्षा में कैद शिव जी को भी रविवार को एक दिन के लिए पुराना थाना भवन मस्जिद वाले चबूतरे पर लाया गया और वहां उनको स्थापित किया गया. सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिवजी का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई .

महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

▸ सिलवानी में भक्ति की गूंज

सिलवानी, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि पर नगर में आस्था और भक्ति का संगम देखने को मिला. रविवार को सुबह से ही शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं. 'ओम नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा.

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के गांधी आश्रम, लोक निर्माण विभाग, बजरंग चौराहा, कांठिया मंदिर, झिरिया मंदिर, मां विजयासन कांच मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. हाथों में पूजन सामग्री लिए श्रद्धालु मंदिरों की ओर बढ़ते दिखाई दिए. भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक किया गया. श्रद्धालुओं ने वेलपत्र, बैर, धतूरा, गेहूं की बालियां, दूध, दही, शहद, भांग और पंचामृत अर्पित कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की. मंदिरों में हवन-यज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए.मंदिरों के साथ ही घरों में भी महिलाओं द्वारा व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना की गई. पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया.

महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय भोजपुर महोत्सव शुरू

रायसेन, 15 फरवरी. रायसेन जिले में भोजपुर स्थित प्राचीन भोजेश्वर शिव मंदिर अपनी भव्यता के लिए देशभर में प्रसिद्ध है।

भोजपुर शिव मंदिर की बात ही मन में अपार श्रद्धा का प्रादुभाव कर देती है. भोजपुर मंदिर दुनिया में विशाल शिवलिंग वाले मंदिरों में अग्रणी है. महाशिवरात्रि पर रायसेन , भोपाल , नर्मदापुरम , नरसिंहपुर विदिशा , सागर सहित दूरदराज से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी.

▸ शिव मंदिर, अपनी भव्यता के लिए देशभर में है प्रसिद्ध

जिन्होंने हजारों साल पहले राजा भोज द्वारा स्थापित विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग का जलाभिषेक , पूजा-अर्चना कर भोलेबाबा से मनोकामना के साथ आशीर्वाद लिया.विवार से तीन दिवसीय भोजपुर महोत्सव भी शुरू हो गया। पहले दिन लोकगायन ऋषि विश्वकर्मा सागर , बधाई- बुंदेली नृत्य उमेश नामदेव सागर , भक्ति गायन लखवीर सिंह लक्खा एवं साथी मुंबई ने प्रस्तुत किया.16 फरवरी को लोकगायन शीला त्रिपाठी भोपाल , शिव महिमा नृत्य नाटिका आकृति जैन एवं साथी भोपाल, सुगम संगीत महालक्ष्मी अय्यर साथी मुंबई प्रस्तुत करेंगी. आखरी दिन 17 फरवरी को लोकगायन बलराम पुरोहित भोपाल प्रस्तुत करेंगे. इसके अलावा अखिल भारतीय कवि स मेलन में अशोक चक्रधर दिल्ली , दिनेश बावरा मुंबई ,प्रताप फौजदार आगरा ,गजेंद्र सोलंकी दिल्ली , रुचि चतुर्वेदी आगरा ,पूनम वर्मा मथुरा एवं मनु वैशाली दिल्ली इत्यादि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे .

साल में दो बार लगता है भोजपुर में मेला

इस प्रसिद्ध स्थल में वर्ष में दो बार वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है जो मकर संक्रांति व महाशिवरात्रि पर्व के समय होता है. इस धार्मिक उत्सव में भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं. रायसेन जिले में स्थित भोजपुर मंदिर देश के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक है. एक पहाड़ी पर बना हुआ यह शिव मंदिर भोजपुर शिव मंदिर और भोजेश्वर मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है. इस मंदिर का निर्माण परमार वंश के राजा भोज ने कराया था. इस मंदिर की विशेषता है कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग की ऊंचाई 18 फीट है जो कि देश के सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है. इस शिवलिंग का निर्माण सिर्फ एक ही पत्थर से किया गया है जिसके कारण यह विश्व का एक मात्र ऐसा शिवलिंग है.

महाशिवरात्रि पर कांवड़ यात्रा निकाली

सिलवानी, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि पर्व पर ग्राम उचेरा जमुनिया में कांवड़ यात्रा निकाली गई. कांवड़ियों ने भगवान शिव का अभिषेक किया.

पवित्र नर्मदा नदी से जल भर कर आए कांवड़ियों ने ग्राम के सिद्ध श्री हनुमान मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव की प्रतिमा का जलाभिषेक किया. कांवड़ यात्रा में गांव के 250 से अधिक युवा, महिलायें शामिल हुए. कांवड़ यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से निकाली गई. जिसका ग्रामीणों के द्वारा स्वागत किया गया . हर बर्षों की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि पर जमुनिया से शिवभक्तों ने नर्मदा में स्नान किया. काबड़ में जल भरकर 50 किमी की पैदल यात्रा कर रविवार को शिव जी के मंदिर जमुनिया पहुंची.

ज्यादा शराब पीने से हुई युवा किसान की मौत

▸ बेगमगंज में शराब दुकान के पास ही मिला शव

बेगमगंज, 15 फरवरी, शनिवार रात करीब 12 बजे नगर में भोपाल रोड स्थित शराब दुकान के पास एक शव मिलने से सनसनी फैल गई. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को मर्चुरी रूम में रखवाया और मृतक की पहचान के लिए आसपास के गांव सहित सभी जगह सूचना पहुंचाई.

रात में ही मृतक की शिनाख्त ग्राम बसिया निवासी 45 वर्षीय किसान अमित खरे के रूप में हो जाने पर उनके परिजनों को सूचना देकर बुलाया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया है.रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया

है. थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि शराब दुकान चकला नाले के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ग्राम बसिया निवासी 45 वर्षीय अमित खरे पिता गोपाल प्रसाद खड़े पेशे से किसान है। उनकी 12 वर्ष की एक पुत्री है. अत्यधिक शराब पीने के बाद हृदयघात से उनकी मौत होने की जानकारी मिली है.

विधायक उठाएंगे जिले में हुए भ्रष्टाचार के मामले

बजट सत्र में सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने लगाए 44 प्रश्न

बेगमगंज/ सिलवानी, 15 फरवरी. मप्र विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा. सिलवानी -बेगमगंज विधायक देवेंद्र पटेल रायसेन जिले में भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मामलों को सत्र के दौरान विधानसभा में उठाएंगे. पटेल ने बताया कि बजट सत्र में उनके द्वारा 44 प्रश्नों की सूचनाएं विधानसभा सचिवालय को प्राप्त हुई हैं. पटेल ध्यानाकर्षण, शून्यकाल और याचिकाओं के माध्यम से भी ज्वलंत मुद्दों और स्थानीय समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे.

बजट सत्र में विधायक देवेंद्र पटेल बेगमगंज जनपद पंचायत परिसर में दुकानों और व्यावसायिक परिसर का नियम विरुद्ध निर्माण एवं जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जारी अनियमितताओं और गंगाजल संवर्धन अभियान में हुए भारी भ्रष्टाचार के मामले उठाएंगे. बायर कंपनी के धान के नकली बीज से

सिलवानी तहसील के किसानों को हुई क्षति, जिले में शराब की दुकानों का अनियमित और नियम विरुद्ध संचालन, राज्य सरकार पर कर्ज की स्थिति और शासकीय संपत्तियों का विक्रय करने का मामला भी उठाया जाएगा। इसके अलावा जिले के हाई स्कूल और हाई सेकेंडरी स्कूलों में अपूर्ण और अप्रारंभ निर्माण कार्यों की जानकारी मांगी जाएगी. जिले के नगरीय निकायों में सौंदर्यीकरण और विद्युतीकरण के कार्यों में हो रहे भारी भ्रष्टाचार, प्रदेश के बजट में जिले की पूर्व में स्वीकृत विभिन्न सड़कों को नियम विरुद्ध तरीके से निरस्त किए जाने का मामला उठाएंगे. जिले में विद्युतीकरण के कार्यों और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत में गड़बड़ी और ट्रांसफार्मर के स्टॉक में घोटाले का मुद्दा भी उठाएंगे.

जिले के नगरीय निकायों में आउटसोर्स कर्मचारियो की भर्ती में गड़बड़ी और उनकी फर्जी पदस्थापना का मामला, जिले के दिव्यांगों को उपकरण वितरण और उनकी पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी की मांग, बस्ती विकास योजना के कार्यों को स्वीकृत करने में हुई अनियमिता की जांच, सड़क एवं पहुंच विहीन ग्रामों को सड़कों से जोड़ने की मांग की जाएगी. मुख्यमंत्री सड़कों का डामरीकरण न किए जाने, जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों में ठेकेदारों के द्वारा अवैध उत्खनन, जिले के व्यावसायिक विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाया बिजली के बिल और केंद्र सरकार की आरआरडीएस योजना के अंतर्गत चल रहे विद्युत अधोसंरचना संबंधी घटिया निर्माण कार्य का मुद्दा भी विधायक द्वारा उठाया जाएगा।

जिले में प्राकृतिक आपदाओं में फसल, मकान और लोगों की क्षति के प्रकरणों में अनुग्रह सहायता राशि के भुगतान में गड़बड़ी, सिलवानी में किसानों के मुआवजा वितरण में हुए 18 करोड़ के घोटाले की जांच की मांग की जाएगी. जिले की सर्वेक्षित और लंबित सिंचाई योजनाओं की जानकारी, बेगमगंज जनपद पंचायत परिसर में दुकानों और व्यावसायिक परिसर का नियमविरुद्ध निर्माण, पंचायतों द्वारा निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में पानी और बिजली की अनुपलब्धता, पुलों का गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य जैसे विभिन्न मामले उठाए जाएंगे.

गीत गाता चल सीजन-2 का आयोजन 19 को

भोपाल, 15 फरवरी. शहर के सांस्कृतिक परिदृश्य में 19 फरवरी की शाम सुरों की मधुर आभा से आलोकित होने जा रही है। रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजित 'गीत गाता चल' संगीत संध्या शहर के शौकिया फनकारों को मंच की गरिमा के साथ अपनी कला अभिव्यक्त करने का अवसर देगी।

एक दिवसीय इस आयोजन में संगीत केवल प्रस्तुति नहीं, बल्कि साझा अनुभूति का उत्सव बनेगा। कार्यक्रम के संस्थापक लक्ष्मण सिंह और आयोजक एकता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस संध्या का विशेष आकर्षण फिल्म गायक अलम हमदुले की प्रस्तुति होगी।

जाहिर सूचना

(कृषि भूमि ग्राम दहलवाड़ा तहसील बाड़ी जिला रायसेन (म.प्र.) ख.नं. 5/4/1, 5/4/2, 3/1/4/2, 3/1/4/1/1/2/2, 3/1/4/1/1/1, कुल 5 किता रकबा 8-722 हेक्टेयर/ 21-54 एकड़ के विक्रय के संबंध में सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशन)

इस जाहिर सूचना के जरिए सर्वसाधारणजन को सूचित किया जाता है कि ग्राम दहलवाड़ा, तहसील बाड़ी, जिला रायसेन म.प्र. स्थित भूमि ख.नं. 5/4/1, 5/4/2, 3/1/4/2, 3/1/4/1/1/2/2, 3/1/4/1/1/1, कुल 5 किता रकबा 8-722 हेक्टेयर/ 21-54 एकड़ को विक्रेता श्री अभिषेक श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव पुत्र/ पुत्री श्री जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव, निवासी वार्ड 05 किनगी रोड, तहसील बरेली, जिला रायसेन म.प्र. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है. उक्त संपूर्ण भूमि को उपरोक्त विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार श्री अनिकेत परमार आ. श्री ओमप्रकाश परमार व चन्द्रशेखर परमार आ. श्री भोपालसिंह परमार, निवासी ग्राम रामपुलास कलां तहसील व जिला सीहोर म.प्र. से 7,50,000 रु. प्रति एकड़ की दर से कुल 1,61,64,046 रु. में विक्रय करने का दिनांक 6/9/2025 को अनुबंध किया है. 1,00,000 रु. बयाना राशि प्राप्त कर दिनांक 6/3/2026 तक शेष प्रतिफल राशि 1,60,60,046 रु. प्राप्त कर पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन होना है. रजिस्ट्री करने के लिए मेरा पक्षकार विक्रेतागण को सूचना पत्र जारी कर चुका है. इसके बावजूद भी विक्रेतागण मेरे पक्षकारगण के पक्ष में रजिस्ट्री करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं. वह बेईमानी की मंशा से रजिस्ट्री करने से बच रहे हैं और अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए लालच में आकर अनुबंधीन भूमि को अन्य व्यक्ति को विक्रय करने को प्रयासरत हैं. मेरे पक्षकारगण के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं, जिसके लिए भी मेरे पक्षकारगण ने थाना बरेली में शिकायत की है. उप रजिस्ट्रार बरेली के यहां अन्य किसी को विक्रय न करने, रजिस्ट्री रोकी जाने के संबंध में आपत्ति दर्ज कराई है. मेरे पक्षकार शीघ्र ही सक्षम न्यायालय में अनुबंध के पालन की वैधानिक कार्यवाही करने जा रहे हैं. अतः इस तरह उपरोक्त वर्णित भूमि विवादित व मेरे पक्षकारगण के हित में अनुबंधाधीन है. विक्रय योग्य नहीं है. अन्य कोई व्यक्ति क्रय न करे. यही सूचना का प्रयोजन है. अतः इस जाहिर सूचना के जरिए सर्वसाधारणजन को सूचित किया जाता है कि ग्राम दहलवाड़ा, तहसील बाड़ी स्थित उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में अन्य कोई व्यक्ति उपरोक्त विक्रेतागण से न तो कोई विक्रय अनुबंध करे और न ही क्रय कर पंजीयत विक्रय पत्र कराए अन्यथा किसी भी विवाद के लिए, बयाना राशि डूब जाने आदि की जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी.

राजेश रघुवंशी (अधिवक्ता)
कार्यालय- चेम्बर क्र. 8, पावर हाउस रोड, बरेली- 464668
जिला रायसेन म.प्र.
मो.नं. 9993561998

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेतागण ने विक्रेता सुरजीत सिंह आयु 43 वर्ष जोगिन्दर सिंह जाति सिख निवासी ग्राम चारगांव, तहसील बरेली जिला रायसेन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम चारगांव, तहसील बरेली जिला रायसेन म.प्र. में भूमि खसरा नं. 15, रकबा 0.833 हेक्टेयर लगान 5.37 रु. एवं खसरा नं. 20 रकबा 1.040 हे. एवं खसरा नं. 23 रकबा 1.442 हे. कुल तीन किता, कुल रकबा 3.315 हेक्टेयर भूमि स्थित है, जो कि राजस्व पत्रों में विक्रेता के नाम पर दर्ज है. उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है. उक्त संपत्ति संबंधी विक्रेता के स्वत्व, आधिपत्य वारसान बाबदया इसमें किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई गिरवी, बिक्री, दान, बंधक कोई विधिक हित, अधिकार स्वत्व या कोई ऋण भार, बोझा, जमानत मेंटनेंस आदि हो अथवा किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभागों को सदर विक्रय में कोई वैधानिक आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 15 दिनों में सप्रमाण लेखी में मुझे प्रस्तुत करें. बाद मियाद विक्रय के विधिक दस्तावेजों का निष्पादन पंजीयन करवा लिया जाकर कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी.

नर्वदा प्रसाद वर्मा (अधिवक्ता)
कार्यालय- चेम्बर 5-6, पावर हाउस रोड, बरेली, जिला रायसेन म.प्र.-464668
मो.- 9981187838, 8269729609

प्रेरणा ▸ परंपरागत फसलों की जगह टमाटर की खेती करने से हुआ मुनाफा

बेगमगंज के किसान ने उन्नत तकनीक से बदली तस्वीर

बेगमगंज, 15 फरवरी, बेगमगंज विकासखंड के ग्राम भुरेरू के किसान ओमप्रकाश कुशवाह ने पारंपरिक खेती से हटकर उद्यानिकी फसल को अपनाया और कम समय में अधिक मुनाफा कमाकर क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हैं।

प्रगतिशील किसान ओमप्रकाश कुशवाह ने उद्यानिकी विभाग की योजना का लाभ लेकर डेढ़ एकड़ जमीन में टमाटर की खेती की और लाभ अर्जित किया. जिसमें उन्नत किस्म के बीज, मल्चिंग और ड्रिप सिंचाई तकनीक का उपयोग

किया. टमाटर की खेती से ओमप्रकाश कुशवाह को लगभग चार से पांच लाख रू का लाभ हुआ.

किसान ओमप्रकाश कुशवाह ने बताया कि पहले वह गेहूं, सोयाबीन जैसी पारम्परिक फसलों की खेती करते थे, जिसमें दस से 15 क्विटंल प्रति एकड़ का ही उत्पादन होता था. वह खेती में कुछ अलग करना चाहते थे, जिसमें कम लागत में अधिक मुनाफा हो. उन्होंने उद्यानिकी विभाग के उद्यान विस्तार अधिकारी उमाशंकर कुशवाह से संपर्क किया और विभाग की योजनाओं तथा उद्यानिकी फसलों की जानकारी ली. इसके बाद उन्होंने टमाटर की खेती करने का निर्णय लिया तथा डेढ़ एकड़ जमीन पर टमाटर की फसल उन्नत तकनीक मल्चिंग और ड्रिप द्वारा लगाई.

टमाटर बेचने पर 6 लाख रुपए की आय हुई

किसान ओमप्रकाश ने बताया कि उन्होंने टमाटर की खेती में उन्नत बीज और तकनीक का उपयोग किया तथा अच्छी तरह से देखभाल की. जिसके कारण उनकी फसल बहुत अच्छी हुई और उन्हें लगभग 350 क्विंटल टमाटर का उत्पादन मिला. जिसे मंडी में बेचने से उन्हें लगभग 06 लाख रुपए की आय हुई. इसमें लागत के लगभग डेढ़ लाख रुपए निकालने के बाद साढ़े चार लाख रुपए का लाभ हुआ. वह परिवार के साथ काफी समय से खेती कर रहे हैं लेकिन इतना लाभ कभी नहीं हुआ. इसके लिए वह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा उद्यानिकी विभाग को धन्यवाद देते हुए कहते हैं कि सरकार द्वारा किसानों के हित में, उनकी आय बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं. जिनका लाभ लेकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं.